"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2012-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 46] रायपुर, बुधवार, दिनांक 13 फरवरी 2013—माघ 24, शक 1934

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 12 फरवरी 2013

अधिसूचना

क्रमांक एफ 7—8 / 18 / 2011.— छत्तीसगढ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 (क. 23 सन् 1956) की धारा 292—क, 292—ख, 292—ग, 292—च, 292—झ सहपठित धारा 433 तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 (क. 37 सन् 1961) की धारा 339—क, 339—ख, 339—ग, 339—च, 339—झ सहपठित धारा 355 एवं 356 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, कॉलोनाईज़र के रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्तों से संबंधित निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारंभ.**— (1) ये नियम छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईज़र का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम, 2013 कहलाएंगे;

   (2) ये नियम छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद् तथा नगर पंचायत की सीमा के भीतर लागू होंगे;

(3) ये नियम राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.**— (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) **''अधिनियम''** से अभिप्रेत है नगरपालिक निगम की स्थिति में छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 (क्रमांक 23 सन् 1956) तथा नगरपालिका परिषद् एवं नगर पंचायतों की स्थिति में, छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 (क्रमांक 37 सन् 1961);

(ख) **''सक्षम प्राधिकारी''** से अभिप्रेत है नगर पालिक निगम के संबंध में, नगर पालिक आयुक्त तथा नगरपालिका परिषद् तथा नगर पंचायत के संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी;

(ग) **''विकास व्यय''** से अभिप्रेत है आंतरिक एवं बाह्य विकास कार्यों को पूर्ण करने में आने वाला व्यय जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हो;

(घ) **''बाह्य विकास कार्य''** से अभिप्रेत है विहित मापदण्ड के अनुसार निम्नलिखित विकास कार्यः—

(एक) कॉलोनी की सीमा से प्रारंभ होकर नगर के विद्यमान मार्ग तक को पहुंच मार्ग के रूप में निर्मित किये जाने वाले नये मार्ग;

(दो) यदि कॉलोनी में संलग्न मार्ग विद्यमान है, उस दशा में विद्यमान मार्ग के प्रस्तावित चौड़ीकरण पर आने वाला व्यय;

(तीन) कॉलोनी में विद्युत प्रदाय करने हेतु कॉलोनी की सीमा से वर्तमान विद्युत लाईन तक विद्युत लाईन बिछाने का कार्य;

(चार) कॉलोनी की सीमा से वर्तमान भूमिगत मलवहन प्रणाली को जोड़ने हेतु व्यय;

(पांच) यदि कॉलोनी में नगर स्तरीय जल प्रदाय प्रणाली से जल प्रदाय करना प्रस्तावित है, तो उस दशा में कॉलोनी की सीमा से वर्तमान पाईप लाईन तक नई पाईप लाइन बिछाने का कार्य;

(छः) उप–खण्ड (एक) के अधीन कॉलोनी के पहुंच मार्ग तथा उप–खण्ड (दो) के अधीन विद्यमान मार्ग के चौड़ीकरण के संबंध में, सक्षम प्राधिकारी के लिये यह स्पष्ट रूप से अवधारित किया जाना आवश्यक होगा कि पहुंच मार्ग कितना चौड़ा किया जाना चाहिये तथा विद्यमान मार्ग के चौड़ीकरण के अधीन कितनी चौड़ाई से क्या आशय है और यह कि ऐसे मार्ग के निर्माण की गुणवत्ता किस प्रकार की होगी अर्थात् क्यां यह डब्ल्यू.बी.एम. या एस्फाल्ट मार्ग होगा या सीमेंट कांक्रीट का होगा।

(ङ) **"प्ररूप"** से अभिप्रेत है इन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप;

(च) **"आंतरिक विकास कार्य"** से अभिप्रेत है कॉलोनी की सीमा के भीतर विहित मानक के अन्तर्गत किये जाने वाले निम्नलिखित विकास कार्य :–

(एक) समतलीकरण;

(दो) प्रस्तावित मार्गों का एवं अभिन्यास में स्वीकृत भूखंडों का सीमांकन;

(तीन) प्रस्तावित मार्ग का निर्माण (आई.आर.सी. मानक के अनुसार);

(चार) यदि कॉलोनी की भूमि पर वर्तमान में मार्ग विद्यमान है, उस दशा में स्वीकृत अभिन्यास के आधार पर उस मार्ग का निर्माण या चौड़ीकरण करना (आई.आर.सी. मानक के अनुसार);

(पांच) पुलियों का निर्माण (आई.आर.सी. मानक के अनुसार);

(छः) वर्षा जल निकासी का निर्माण (पी.एच.ई. के मानक के अनुसार);

(सात) आंतरिक जलप्रदाय प्रणाली का कियान्वयन (पी.एच.ई.के मानक के अनुसार);

(आठ) आंतरिक भूमिगत सीवर लाईन का निर्माण (पी.एच.ई. के मानक के अनुसार);

(नौ) सेप्टिक टैंक का निर्माण (यदि प्रस्तावित हो) (पी.एच.ई. के मानक के अनुसार);

(दस) आंतरिक विद्युत प्रणाली के अन्तर्गत बिजली के खंबे लगाना (सी.एस.ई.बी. द्वारा विहित मानक के अनुसार);

(ग्यारह) ओव्हर हेड टैंक का निर्माण;

(बारह) कॉलोनी में प्रस्तावित खुले क्षेत्रों का विकास;

(तेरह) मार्ग के किनारे तथा ग्रीन–बेल्ट में वृक्षारोपण करना;

(चौदह) वर्षा जल संग्रहण प्रणाली का निर्माण;

(पंद्रह) पर्याप्त पार्किंग की सुविधा का विकास;

(सोलह) अशुद्ध जल का संग्रहण, उपचार और पुनःचक्रण व्यवस्था, यदि किसी वर्तमान विधि के अंतर्गत लागू हो;

(सत्रह) कॉलोनी के संबंध में सुसंगत अपेक्षाओं का पालन जैसा कि पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, तथा/या किसी अन्य विधि के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया जाये।

(छ) **''नगरपालिक क्षेत्र''** से अभिप्रेत है ऐसा क्षेत्र जो नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 5 के खण्ड (34–क) के अन्तर्गत परिभाषित है तथा जो नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद् या नगर पंचायत, यथास्थिति, की सीमा के भीतर स्थित हो;

(ज) **''नगरपालिका''** का वही अर्थ होगा जो नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 3 के खण्ड (18) के अन्तर्गत उसके लिये समनुदेशित है तथा इसमें नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद् या नगर पंचायत, यथास्थिति सम्मिलित है;

(झ) **''भूखंड धारक''** से अभिप्रेत है ऐसा कोई व्यक्ति जो किसी नगरपालिक क्षेत्र में कोई भूखंड, कॉलोनी निर्माण करने के लिये किसी व्यक्ति से किसी दस्तावेज के अधीन या अंतरण के किसी करार के अधीन धारण करता है;

(ञ) **''कोषालय''** से अभिप्रेत है नगरपालिका की कोष शाखा (नगद शाखा)।

(2) शब्द और पद जो यहां परिभाषित नहीं हैं, उनका वही अर्थ होगा जो कि अधिनियम में उनके लिये समनुदेशित है।

3. **कॉलोनाईज़र या बिल्डर का रजिस्ट्रीकरण.** (1) कोई भी व्यक्ति, जो नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292–क के अन्तर्गत अथवा नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 339–क के अंतर्गत कॉलोनी का विकास करना चाहता हो, इन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप–एक में आवेदन करेगा।

(2) उप–नियम (1) के अन्तर्गत प्ररूप–एक में प्रस्तुत आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक होगा:–

(एक) नियम 4 में यथा उल्लिखित रजिस्ट्रीकरण शुल्क नगरपालिका तथा नगरपालिक निगम के कोषालय में जमा करने के प्रमाण में प्राप्त रसीद की प्रति।

(दो) निवेदित रजिस्ट्रीकरण की संपूर्ण अवधि को शामिल करते हुए सक्षम प्राधिकारी के पक्ष में बैंक गारंटी (बीजी) निम्नलिखित मान के अनुसार होगी:–

स. क.	क्षेत्र	बैंक गारंटी की राशि
(क)	तीन लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले नगरपालिक निगम	रू. 10 लाख
(ख)	तीन लाख से कम जनसंख्या वाले नगरपालिक निगम	रू. 5 लाख
(ग)	नगरपालिक परिषद	रू. 3 लाख
(घ)	नगर पंचायत	रू. 1 लाख

परन्तु यह कि पंजीकृत सहकारी गृह निर्माण सोसायटी को रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रस्तुत आवेदन के साथ बैंक गारंटी देना आवश्यक नहीं होगा:

परन्तु यह और भी कि यदि आवेदन मंजूर कर लिया जाता है तो उसके द्वारा उपरोक्त मान के अनुसार बैंक गारंटी, उसके आवेदन के मंजूर किये जाने की तारीख से नब्बे दिनों के भीतर देना आवश्यक होगा, विफल होने की स्थिति में, रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जायेगा।

(3) रजिस्ट्रीकरण का आवेदन अमान्य किये जाने की स्थिति में, उप–नियम (2) के अधीन जमा किये गये रजिस्ट्रीकरण शुल्क की बीस प्रतिशत राशि की कटौती के पश्चात् बैंक गारंटी तथा शेष राशि, आवेदक को वापसी योग्य होगी।

(4) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र इन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप–दो में जारी किया जायेगा।

(5) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र पांच वर्ष के लिए विधिमान्य रहेगा तथा तत्पश्चात् उसका नवीनीकरण किया जा सकेगा।

4. **रजिस्ट्रीकरण एवं नवीनीकरण शुल्क.**— (1) रजिस्ट्रीकरण एवं नवीनीकरण शुल्क निम्नानुसार होंगे:—

स. क.	क्षेत्र	राशि	
		रजिस्ट्रीकरण शुल्क	नवीनीकरण शुल्क
(एक)	तीन लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले नगरपालिक निगम	रू. 30,000	रू. 30,000
(दो)	तीन लाख से कम जनसंख्या वाले नगरपालिक निगम	रू. 20,000	रू. 20,000
(तीन)	नगरपालिका परिषद्	रू. 10,000	रू. 10,000
(चार)	नगर पंचायत	रू. 5,000	रू. 5,000

(2) रजिस्ट्रीकरण एवं नवीनीकरण शुल्क नगरपालिका एवं नगरपालिक निगम के कोषालय में जमा होगा जिसकी समुचित रसीद प्राप्त होगी।

5. **रजिस्ट्रीकरण हेतु निर्योग्यताएं.** रजिस्ट्रीकरण का आवेदन निम्नलिखित में से एक या अधिक स्थितियों में निरस्त किये जाने हेतु दायी होगा:—

(क) प्रस्तुत किये गये आवेदनपत्र में दी गई कोई जानकारी सही नहीं है, अथवा अपूर्ण है;

(ख) आवेदक या कोई पार्टनर या न्यासी या निदेशक, जैसी भी स्थिति हो—

(एक) भारतीय दंड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धारा 153—क या धारा 171—ड. या धारा 171—च या धारा 505 की उप—धारा (2) या उप—धारा (5) के अधीन या सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 (1955 का 22) के अधीन या लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) की धारा 125 के अधीन या दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 (1961 का 28) की धारा 3 एवं 4 या छत्तीसगढ़ स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) अधिनियम, 1964 (क. 13 सन् 1964) की धारा 10 या धारा 11 के अधीन दण्डनीय किसी अपराध या देश की प्रचलित किसी विधि के अंतर्गत दण्डनीय किसी संज्ञेय अपराध के लिये भारत के किसी न्यायालय द्वारा सिद्धदोष ठहराया गया हो, जब तक कि दण्डादेश भुगतने के पश्चात् उसके छोड़े जाने से छः वर्ष की अतिरिक्त कालावधि न बीत चुकी हो,

(दो) दो वर्ष से अन्यून कालावधि के कारावास से दण्डादिष्ट किया गया हो;

(ग) यदि पूर्व में आवेदक के रजिस्ट्रीकरण प्रमाण—पत्र को नियम 7 या नियम 14 के अधीन रद्द किया गया हो;

(घ) यदि सक्षम न्यायालय ने आवेदक को विकृतचित्त व्यक्ति के रूप में घोषित किया हो।

6. **कॉलोनाईज़र एवं बिल्डर्स के रजिस्टर का संधारण**.– (1) सक्षम प्राधिकारी प्ररूप–तीन में एक पंजी संधारित करेगा जिसमें इन नियमों के अधीन जारी किए गए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के संपूर्ण ब्यौरे निम्नलिखित के साथ दर्ज होंगे:–

(क) आवेदक का पूर्ण पता;

(ख) निर्बंधन या शर्तें जिनके अध्यधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र स्वीकृत किया गया है;

(ग) उनकी बैंक गारंटी तथा पंजीयन कीं समाप्ति/नवीनीकरण की जानकारी।

(2) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व होगा कि वह अपने आवेदन पत्र में अन्तर्विष्ट किसी जानकारी में कोई परिवर्तन करने की स्थिति में, ऐसे परिवर्तन की तारीख से तीस दिवस के भीतर सक्षम प्राधिकारी को सूचित करे।

7. **रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का रद्द किया जाना**.– (1) सक्षम प्राधिकारी स्वप्रेरणा से या किसी स्त्रोत से प्राप्त जानकारी पर, लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से निर्बंधन, शर्तें अथवा निर्बंधनों या शर्तों या अधिनियम या इन नियमों के किन्ही उपबंधों का उल्लंघन होने पर रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर सकेगा :

परन्तु कोई भी रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र तब तक रद्द नहीं किया जायेगा जब तक कि रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र धारक को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर नहीं दे दिया जाता है।

(2) उप–नियम (1) के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र के निरस्तीकरण के किसी आदेश के विरूद्व अपील, राज्य शासन के समक्ष, रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र के निरस्तीकरण के आदेश की तिथि से तीस दिनों के भीतर एक साधारण आवेदन के रूप में जिसमें अपील का आधार तथा उसके साथ इस नियम के अंतर्गत पारित आदेश की एक प्रति संलग्न करते हुए की जा सकेगी।

(3) उप–नियम (2) के अधीन दर्ज अपील पर, राज्य शासन द्वारा अपील की प्राप्ति की तारीख से तीन माह की अवधि के भीतर नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार उस पर विचार किया जाकर उसे निराकृत किया जायेगा।

8. **कॉलोनी के विकास के लिए आवेदनपत्र तथा अनुमति शुल्क**.– (1) जब नियम 3 के अधीन रजिस्ट्रीकृत कॉलोनाईज़र किसी कॉलोनी की स्थापना और उसके विकास का कार्य करना चाहता है, तो वह सक्षम प्राधिकारी को प्ररूप–चार में कॉलोनी के विकास कार्य शुरू करने या भूखंडों का विक्रय करने के लिए प्रस्तावित तिथि से कम से कम नब्बे दिनों के पूर्व आवेदन पत्र, पांच प्रतियों में उप–नियम (2) के अन्तर्गत विहित शुल्क के साथ प्रस्तुत करेगा।

(2) कॉलोनी के विकास की अनुमति के लिए निम्नानुसार शुल्क देय होगा, और जिसे कॉलोनाईज़र द्वारा नगरपालिका या नगरपालिक निगम, यथास्थिति के कोषालय में जमा किया जायेगा तथा रसीद की सत्यप्रति उप–नियम (1) के अधीन प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जायेगी :–

स. क.	क्षेत्र	कॉलोनी के विकास की अनुमति हेतु शुल्क
(क)	तीन लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले नगरपालिक निगम	रूपये पचास हजार प्रति हेक्टेयर
(ख)	तीन लाख से कम जनसंख्या वाले नगरपालिक निगम	रूपये पच्चीस हजार प्रति हेक्टेयर
(ग)	नगरपालिका परिषद्	रूपये दस हजार प्रति हेक्टेयर
(घ)	नगर पंचायत	रूपये पांच हजार प्रति हेक्टेयर

9. **अनापत्ति प्रमाणपत्र का प्राप्त किया जाना.**– (1) नियम 8 के अधीन आवेदन प्राप्त होने पर, सक्षम प्राधिकारी निम्नलिखित अनापत्तियां/अनुमतियां प्राप्त करेगा :–

(क) शहरी भूमि सीमा अधिनियम, 1976 के अंतर्गत;

स्पष्टीकरण:– यह केवल पुराने प्रकरणों के संबंध में लागू होगा तथा ऐसे प्रकरणों में जहां भूमि, शहरी भूमि सीमा अधिनियम, 1976 के निरसन के बाद अर्जित की गई थी, यह लागू नहीं होगा;

(ख) छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत आवश्यक अनुज्ञा;

(ग) नजूल अधिकारी से अनापत्ति प्रमाणपत्र।

(2) उप–नियम (1) में विहित अनापत्ति प्रमाणपत्र या अनुमति, यदि सक्षम प्राधिकारी से पत्र की प्राप्ति के दिनांक से नब्बे दिनों के भीतर संबंधित विभाग द्वारा नहीं दिया जाता है, तो इसे उनकी स्वीकृति माना जायेगा तथा आवेदन पत्र, आवेदन पत्र की प्राप्ति की तिथि से एक सौ बीस दिनों के भीतर नियम 8 के अन्तर्गत निराकृत किया जायेगा:

परन्तु इस संबंध में सूचना संबंधित विभाग को लिखित में भेजी जायेगी तथा यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि संबंधित विभाग आवेदक की स्वयं की चूक के कारण अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने से निवारित हुआ था तथा/या आवेदक के पक्ष में संबंधित विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जा सकता था तो आवेदन को खारिज किया जा सकेगा यदि वह विचार हेतु लंबित है या रजिस्ट्रीकरण का आदेश, यदि कोई हो, तो उसे वापिस लिया जा सकता है।

(3) उप–नियम (2) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर यदि सक्षम प्राधिकारी की ओर से सूचना

आवेदक कॉलोनाईज़र को प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त अवधि के अवसान पर, आवेदक कॉलोनाईज़र को अनुमति दी गई मानी जाएगी, किन्तु उक्त समयावधि की संगणना करने में, आवेदक से कोई अतिरिक्त जानकारियां या दस्तावेजों के लिए निर्धारित तारीख तथा ऐसी जानकारी या दस्तावेज के प्राप्त होने की तारीख के बीच की अवधि कम कर दी जाएगी। यह समझी गई अनुमति उस सीमा तक मान्य होगी जहां तक कि तत्समय प्रवृत्त किसी भी अधिनियम/नियम/उप–विधि के प्रावधानों का उल्लघंन न होता हो।

10. आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) और निम्न आय वर्ग (एलआईजी) के लिए भूमि/भू–खण्ड/आवासीय इकाई का हस्तांतरण/आरक्षण.– (1) नगरपालिक क्षेत्र में प्रत्येक आवासीय कॉलोनी में, कुल क्षेत्रफल में से पंद्रह प्रतिशत भूमि, कॉलोनाईज़र द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए सक्षम प्राधिकारी को निम्नानुसार हस्तांतरित की जायेगीः–

(क) हस्तान्तरण की प्रक्रिया दो प्रक्रमों में निम्नानुसार होगाः–

प्रक्रम–एक	नियम 8 के अंतर्गत आवेदन के साथ भूमि हस्तान्तरण हेतु प्रस्तुत किये जाने वाले प्ररूप–पांच में आशय पत्र, भूमि की स्थिति का नक्शा जो कि कॉलोनाईज़र द्वारा प्रस्तावित तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत हो।
प्रक्रम–दो	कॉलोनी के विकास हेतु आवेदन की अनंतिम स्वीकृति की प्राप्ति के पन्द्रह दिवस के भीतर प्ररूप–छः में हस्तान्तरण एवं आधिपत्य विलेख।

(ख) यदि सक्षम प्राधिकारी के मत में, धारा 292–ख के अधीन यथा उपबंधित तथा उपरोक्त खण्ड (क) में यथा उल्लिखित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये प्रस्तावित भूमि, आवासीय प्रयोजन हेतु उपयुक्त नहीं हैं, तो वह तद्नुसार आवेदक को पन्द्रह दिनों के भीतर सूचना देगा तथा आवेदक वैकल्पिक भूमि उपलब्ध करायेगा या स्वयं के खर्चे पर, सक्षम प्राधिकारी के समाधान पर, उस भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए उपयुक्त बनाकर उसे विकसित करने के लिये वचनबद्ध रहेगा।

(ग) यदि सक्षम प्राधिकारी को आवेदन स्वीकार योग्य प्रतीत होता हो तो वह प्ररूप–सात में अनंतिम स्वीकृति पत्र जारी करेगा तथा सम्यक् रूप से रजिस्ट्रीकृत भूमि के हस्तान्तरण तथा अधिकार (कब्जे) का सम्यक् रूप से रजिस्ट्रीकृत विलेख प्रस्तुत करने के लिये आवेदक को बुलायेगा।

(घ) राज्य शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित अनुसार लागत मूल्य (फ्लैट रेट), जो कि एक रूपये प्रति वर्गफीट से अधिक न हो, पर सक्षम प्राधिकारी को भूमि के लिये भुगतान करने के पश्चात् हस्तान्तरण विलेख निष्पादित किया जायेगा तथा सम्यक् रूप से रजिस्ट्रीकृत किया जायेगा।

(ङ) खण्ड (घ) के अधीन भूमि के पंजीकृत हस्तान्तरण विलेख तथा भूमि के आधिपत्य की प्राप्ति पर, सक्षम प्राधिकारी कॉलोनी के निर्माण के लिये अंतिम अनुज्ञापत्र जारी करेगा। कॉलोनी विकास से संबंधित कार्य कॉलोनाईज़र द्वारा तब तक प्रारंभ नहीं किया जायेगा जब तक कि वह अंतिम अनुज्ञापत्र प्राप्त नहीं करता।

(च) किसी भी परिस्थिति में, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु रेखांकित भूमि को आवेदक कालोनाइज़र द्वारा अन्यसंक्रामित नहीं की जायेगी अथवा किसी अन्य प्रयोजन के लिये उपयोग नहीं किया जायेगा।

(2) यदि किसी कारणवश, चाहे जो भी हो, के लिये आवासीय कॉलोनी में उप–नियम (1) के अनुसार भूमि हस्तांतरण करने के बजाय, कॉलोनाईज़र वैकल्पिक स्थल पर भूमि हस्तांतरित करने का प्रस्ताव करता हो, तो वह ऐसा निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन रहते हुए कर सकेगा:–

(क) प्रस्तावित भूमि, आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लिये आवास निर्माण हेतु नगरपालिका अधिकारी के समाधान पर उपयुक्त होनी चाहिए;

(ख) प्रस्तावित भूमि नगरपालिका की सीमाओं के भीतर होनी चाहिए;

(ग) प्रस्तावित भूमि, आवासीय क़ॉलोनी की सीमा से दो किलोमीटर से अनधिक त्रिज्य दूरी के भीतर होनी चाहिए:

परंतु यह कि प्रस्तावित भूमि का प्रयोजन मास्टर प्लान में 'आवासीय' होना चाहिए और इस पर स्पष्ट पहुंच मार्ग होना चाहिए।

(घ) प्रस्तावित भूमि का कुल मूल्य, आवासीय कॉलोनी में पंद्रह प्रतिशत भूमि के सम मूल्य का होना चाहिए:

परंतु यह कि किसी भी स्थिति में प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल धारा 292–ख के अन्तर्गत विहित भूमि के क्षेत्रफल से कम नहीं होना चाहिये, जिसे उप–नियम (1) के अंतर्गत कॉलोनाईज़र द्वारा हस्तान्तरित किया जायेगा।

स्पष्टीकरण– इस नियम के प्रयोजन के लिये "भूमि के मूल्य" की गणना, उस शहर के लिए अचल संपत्ति के बाजार मूल्य हेतु प्रचलित मार्गदर्शक सिद्धांत के अनुसार कलेक्टर दर पर आधारित होगी।

(ङ) प्रस्तावित वैकल्पिक भूमि तीसरे पक्ष के नाम से हो सकती है, परंतु इन नियमों के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी के पक्ष में कॉलोनाईज़र से यथा अपेक्षित अग्रिम आधिपत्य सौंपने और भूमि का हस्तातंरण करने हेतु भूमि स्वामी की अप्रतिसंहरणीय सहमति सम्यक् रूप से प्राप्त करनी होगी तथा आवेदक द्वारा इसकी पुष्टि करनी होगी।

(च) भूमि के हस्तांतरण की प्रकिया सभी प्रकरणों में वही होगी जैसा कि उप–नियम (1) में अन्तर्गत है।

(3) जहां कॉलोनी भूमि के ऐसे छोटे भू–भाग पर प्रस्तावित है, जिसका क्षेत्रफल एक एकड़ से कम है तथा कालोनाइज़र, छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292–ख अथवा छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 339–ख की उप–धारा (1) के खण्ड (ग) के अंतर्गत यथास्थिति, शुल्क भुगतान का विकल्प चुनता है, तो वह ऐसा निम्नलिखित रीति में करेगा:–

(क) राशि का भुगतान उस क्षेत्र के लिए अविकसित भूमि हेतु जिला कलेक्टर के द्वारा यथा विहित प्रचलित दर से किया जायेगा।

(ख) राशि, नगरपालिका की "गरीबों की सेवा निधि" नाम से संधारित बैंक खाते में जमा की जायेगी तथा इसकी रसीद की एक प्रति प्ररूप–आठ पर पत्र सहित नियम 8 के अंतर्गत प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जायेगी।

(4) उप–नियम (1) या (2) के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के लिए भूमि हस्तांतरित करने के अलावा, कालोनाइज़र न्यूनतम दस प्रतिशत पूर्णतः विकसित भू–खण्ड या वैकल्पिक प्रस्ताव के तौर पर, निर्मित भवन/फ्लैट्स निम्न आय वर्ग के व्यक्तियों के लिए आरक्षित रखेगा।

(5) यदि उप–नियम (4) के अंतर्गत विकसित भू–खण्ड आरक्षित रखे जाते हों, तो वे 500 वर्गफीट प्रति भू–खण्ड से कम के नहीं होंगे तथा 600 वर्गफीट प्रति भू–खण्ड से अधिक के नहीं होंगे।

(6) यदि उप–नियम (4) के अंतर्गत निर्मित भवन/फ्लैट्स आरक्षित रखे जाते हों, तो निम्नलिखित शर्तों की पूर्ति करनी होगी:–

(क) प्रत्येक भवन/फ्लैट का निर्मित क्षेत्रफल 400 वर्ग फीट से कम नहीं होना चाहिए तथा 500 वर्गफीट से अधिक नहीं होना चाहिए;

(ख) प्रत्येक भवन/फ्लैट में नल–जल प्रदाय सुविधा तथा भूमिगत अशुद्ध (सीवर) जल निकासी की सुविधा होनी चाहिए;

(ग) प्रत्येक भवन/फ्लैट में एक शौचालय होना चाहिए।

(7) उप–नियम (4) के अंतर्गत आरक्षित विकसित भू–खण्ड या निर्मित भवन/फ्लैट का विक्रय कालोनाइज़र द्वारा निम्न आय वर्ग के व्यक्तियों को उनसे इस आशय का शपथ पत्र प्राप्त करने के पश्चात् ही किया जायेगाः

परंतु यह कि यदि भू–खण्ड/भवन/फ्लैटस छः माह की कालावधि के लिये बिना बिके शेष हो, तो कालोनाइज़र द्वारा सक्षम प्राधिकारी के लिखित स्वीकृति (अनुमोदन) से निम्न आय वर्ग वालों के लिए आरक्षित भू–खण्ड/भवन/फ्लैटस किसी भी केता को प्रचलित बाजार मूल्य पर बेचा जा सकेगाः

स्पष्टीकरणः– निम्न आय वर्ग के व्यक्तियों की पहचान हेतु आय की सीमा, शासन द्वारा विहित तथा विक्रय के समय प्रचलित मान के अनुसार होगी।

(8) निम्न आय वर्ग के सदस्य को एक से अधिक आवासीय इकाई क्रय करने की पात्रता नहीं होगी।

(9) कॉलोनाईज़र सक्षम प्राधिकारी के समक्ष निम्न आय वर्ग के व्यक्तियों, जिन्हें उनके लिए उप–नियम (4) के अंतर्गत आरक्षित भू–खण्ड/भवन/ फ्लैट्स का विक्रय किया जाना है, का विवरण प्रस्तुत करेगा।

11. **विकास कार्य के लिए अनुमति.**– नियम 8 के अधीन आवेदन प्राप्त होने पर, नियम 9 एवं नियम 10 में उल्लिखित उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, तथा नियम 10 के उप–नियम (1) के खण्ड (ख) के अनुसार अपनी संतुष्टि होने पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए भूमि का अग्रिम आधिपत्य प्राप्त करने के पश्चात् तथा निम्नलिखित शर्तों की पूर्ति हो जाने के पश्चात्, सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्ररूप–नौ में कॉलोनी के विकास हेतु अनुमति दी जाएगी–

(एक) कॉलोनाईज़र द्वारा विकसित किए जाने वाले, यथास्थिति, भू–खण्डों, भवनों या फ्लैट्स में से, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए सक्षम प्राधिकारी को हस्तांतरित किये गये या हस्तांतरण हेतु आरक्षित किये गये, यथास्थिति, भू–खण्डों, भवनों या फ्लैट्स को छोड़कर तथा निम्न आय वर्ग के लिए, यथास्थिति, आरक्षित भू–खण्डों, भवनों या फ्लैट्स को छोडकर शेष भू–खण्डों या भवनों के संबंध में पंद्रह प्रतिशत तथा फ्लैट्स के संबंध में दस प्रतिशत की संख्या में, यथास्थिति, भू–खण्ड, भवन या फ्लैट्स संबंधित नगरपालिका के पक्ष में बंधक रखना होगा। ये भू–खण्ड, भवन या फ्लैट्स यथास्थिति, नियम 13 के उप–नियम (2) के अध्यधीन रहते हुए कॉलोनी का आंतरिक विकास होने पर बंधन से मुक्त किए जाएंगे तथा विक्रय हेतु कॉलोनाईज़र को उपलब्ध कराये जायेंगे। बंधक के रूप में भूखण्ड, भवन या फ्लैट्स, यथास्थिति, की संख्या संबंधी सूचना, सक्षम प्राधिकारी द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई जा सकेगी तथा ऐसी सूचना की एक

प्रति उप–पंजीयक को भी भेजी जाएगी।

(दो) कॉलोनी के आंतरिक विकास पर उपगत होने वाली अनुमानित लागत के दो प्रतिशत के बराबर की राशि पर्यवेक्षण शुल्क के रूप में कॉलोनाईज़र द्वारा संबंधित नगरपालिका के कोषालय में जमा कराई जायेगी।

(तीन) कॉलोनाईज़र द्वारा कॉलोनी के कुल क्षेत्रफल के आधार पर बाह्य विकास लागत के लिये एक सौ रूपये प्रति वर्ग मीटर की दर से राशि नगरपालिका के अभिहित बैंक खाते में रोकड़ में या बैंक ड्राफ्ट से जमा की जायेगी:

परंतु यह कि यदि कॉलोनाईज़र, विहित विर्निदेश के अनुसार कॉलोनी का बाह्य विकास कार्य पूर्ण करता है, उसके (कॉलोनाईज़र के) लिये उक्त रकम जमा करना आवश्यक नहीं होगा।

(चार) खण्ड (तीन) के अन्तर्गत दर आधार वर्ष 2011 से संबंधित है, और इसमें तत्पश्चात् स्वमेव प्रति वर्ष पांच प्रतिशत की दर से वृद्धि होगी:

परंतु यह कि इस खण्ड में अन्तर्विष्ट कोई भी बात, समय–समय पर दर में पुनरीक्षण करने की राज्य शासन की शक्ति को सीमित नहीं करेगी।

(पांच) खण्ड (तीन) के अंतर्गत बाह्य विकास हेतु जमा की गई राशि को सक्षम प्राधिकारी द्वारा एक पृथक बैंक खाते में रखा जायेगा। इस राशि को केवल उस कॉलोनी के बाहय विकास के प्रयोजन के लिये ही निकाला जायेगा।

(छः) खण्ड (तीन) के अन्तर्गत राशि के जमा हो जाने की तिथि से तीन वर्ष की कालावधि के भीतर कॉलोनाईज़र विकास कार्य पूर्ण करेगा तथा तद्नुसार नगरपालिका को सूचित करेगा।

(सात) कॉलोनाईज़र को ऐसे मापदण्ड का पालन करना होगा जो निर्मित कॉलोनी के रख–रखाव हेतु नगरपालिका को कॉलोनी के हस्तांतरण के संबंध में नगरपालिका द्वारा विहित हो।

(आठ) कॉलोनी का विकास कार्य पूर्ण कर लेने की सूचना कॉलोनाईज़र द्वारा सक्षम प्राधिकारी को दी जायेगी, सूचना प्राप्त होने पर संबंधित कॉलोनी के विकास कार्यो का निरीक्षण करने के पश्चात् यदि विकास कार्य पूर्ण पाया जाता है तो पंद्रह दिन की कालावधि के भीतर कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा। कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र जारी करने की तारीख को ही संबंधित कॉलोनी रख–रखाव हेतु नगरपालिका को अंतरित किया जाना मान्य किया जायेगा।

(नौ) कॉलोनाईज़र को कॉलोनी के विकास तथा निर्माण कार्य में नियुक्त श्रमिकों के लिए, न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं जैसे पीने का पानी, आश्रय, शौचालय, आदि का प्रबंध करना होगा, तथा ऐसी व्यवस्था किए जाने के पश्चात् ही कॉलोनी के विकास की अनुमति दी जायेगी।

12. **भवन निर्माण की अनुमति.–** कॉलोनी में भवन निर्माण की अनुमति तब ही दी जाएगी जब सक्षम प्राधिकारी यह सुनिश्चित कर लेंगे कि कॉलोनी में विहित मान के अनुसार विकास कार्य पूर्ण हो गया है, किन्तु ग्रुप हाउसिंग के मामले में ऐसी शर्त लागू नहीं होगी।

13. **कॉलोनी का आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने की अवधि.–** (1) नियम 11 के अन्तर्गत कॉलोनी के विकास की अनुमति जारी होने की तिथि से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के भीतर कॉलोनाईज़र द्वारा आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

(2) यदि उप–नियम (1) में निर्धारित अवधि के भीतर कॉलोनाईज़र कॉलोनी का आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने में विफल रहता है तो सक्षम प्राधिकारी, कॉलोनाईज़र को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात्, कॉलोनी के आंतरिक विकास का कार्य अपने हाथ में लेगा तथा विकास कार्य पूर्ण कराएगा तथा ऐसे कार्य के निष्पादन पर जो व्यय उपगत होगा, उसकी प्रतिपूर्ति नियम 11 के खण्ड (एक) के अधीन बधंक किए गए भू–खण्डों का विक्रय कर की जाएगी।

14. **नियम 11 का पालन न करने का प्रभाव.–** यदि नियम 11 के अन्तर्गत अनुमति प्राप्त होने के पूर्व, कोई कॉलोनाईज़र कॉलोनी का विकास कार्य प्रारंभ करता है या भू–खण्डों का विक्रय करता है या विक्रय करने के लिए तैयार होता है तो ऐसी परिस्थिति में, सक्षम प्राधिकारी ऐसे कॉलोनाईज़र का रजिस्ट्रीकरण रद्द कर सकेगा और ऐसी कानूनी कार्यवाही कर सकेगा जो वह विधि के अधीन करने का विनिश्चय करे:

परन्तु रजिस्ट्रीकरण तब तक रद्द नहीं किया जाएगा जब तक कि ऐसे कॉलोनाईज़र को अपने पक्ष को प्रस्तुत करने हेतु युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो :

परन्तु यह और भी कि रजिस्ट्रीकरण के रद्द करने के कारणों को लेखबद्ध करना आवश्यक होगा।

15. **अवैध कॉलोनी की भूमियों का प्रबंधन.–** सक्षम प्राधिकारी, छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292–च अथवा छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 339–च, यथास्थिति, के अधीन अवैध कॉलोनी का प्रबंधन निम्नानुसार ग्रहण करेगा:–

(क) वह सूचना जारी करेगा और उसे कम से कम दो स्थानीय दैनिक समाचार–पत्रों में जिसमें कम से कम एक हिन्दी भाषा का होना चाहिए, तीन बार प्रकाशित करायेगा और उक्त भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों से, उसमें विनिर्दिष्ट की गई अवधि के भीतर यह कारण बताने के लिए कहेगा कि उक्त भूमि का प्रबंधन, उसके द्वारा अधिकार में क्यों न ले लिया जाए।

(ख) सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि के समाप्त होने पर, सक्षम प्राधिकारी सूचना के संदर्भ में या अन्यथा प्राप्त हुई आपत्ति या सुझाव, यदि कोई हो, पर विचार करेगा और यदि वह

आवश्यक समझे तो ऐसे किसी व्यक्ति से जिसने कोई आपत्ति उठाई हो, स्वयं या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा सभी सुसंगत दस्तावेजों के साथ मौखिक सुनवाई हेतु उपस्थित होने की अपेक्षा करेगा।

(ग) पक्षकार, सूचना प्रकाशित हो जाने के पश्चात् यदि सुनवाई के लिये नियत तिथि पर तथा प्रकरण में कोई और जांच कराने के पश्चात् जैसा वह ठीक समझे, उपस्थित होता है, तो सक्षम प्राधिकारी– (एक) भूमि का प्रबंधन ग्रहण कर सकेगा यदि वह कोई अवैध व्यपवर्तन या अवैध कॉलोनी पाता है, अथवा (दो) कार्यवाहियां रद्द कर सकेगा यदि उसका समाधान हो जाता है कि कॉलोनी अवैध व्यपवर्तन या अवैध कॉलोनी निर्माण के अध्यधीन नहीं है।

(घ) भूमि के प्रबंधन हेतु अपने कर्त्तव्य के निर्वहन में, सक्षम प्राधिकारी, अपने अधीनस्थ एक या अधिक अधिकारियों को संपत्ति के उचित प्रबंधन, सुरक्षा तथा परिरक्षण के लिए और जहां कहीं आवश्यक हो, उसका किराया और लाभ राशि वसूल करने के लिए, संपत्ति के प्रबंधन, सुरक्षा तथा परिरक्षणं हेतु कोई वाद या अभियोजन या कोई अन्य विधिक कार्यवाही प्रस्तुत करने और उसका प्रतिवाद करने के लिए, ऐसी शक्तियां जैसा कि वह आवश्यक समझे, प्रदत्त कर सकेगा।

(ङ) यदि खण्ड (ग) के अधीन सक्षम प्राधिकारी ने भूमि का प्रबंधन ग्रहण कर लिया हो, तो वह ऐसी भूमि के विकास तथा उसके आवंटन के लिए स्वयं या किसी एजेंसी के माध्यम से एक योजना (स्कीम) तैयार करेगा, जिसमें निम्नलिखित बिन्दु आवश्यक रूप से सम्मिलित होंगे:–

(एक) संबंधित कॉलोनी के ऐसे भू–खण्ड धारकों जिन्होंने विकास शुल्क जमा कर दिया हो, के लिए आबंटन का मानदंड;

(दो) शेष भू–खण्डों के विक्रय के लिए मानदंड;

(तीन) विकास कार्य पूरा करने के लिए समय;

स्पष्टीकरण– उक्त योजना (स्कीम) में, आबंटन की प्रकिया पूर्ण रूप से पारदर्शी होगी।

(चार) उपरोक्तानुसार तैयार की गई योजना (स्कीम), सक्षम प्राधिकारी द्वारा ऐसी रीति में जैसी कि वह उचित समझे, सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाएगी।

(च) सक्षम प्राधिकारी द्वारा भूमि के प्रबंधन पर उपगत व्यय, भूमि के विकास खर्च में शामिल किया जाएगा और वह यथानुपात या किसी अन्य युक्तियुक्त आधार पर उन व्यक्तियों से वसूल किया जाएगा जिन्हें योजना के अधीन भूखण्ड आबंटित किए गए हों।

16. **क्रेता के साथ अनुबंध**.– प्रत्येक कॉलोनाईज़र, या तो सीधे या किसी एजेंट जिसे किसी भी नाम से जाना जाता हो, के माध्यम से क्रेता से भू–खण्ड़ या भवन या फ्लैट के विक्रय के संबंध में, राशि (भुगतान) प्राप्त करने के पूर्व, प्ररूप–दस में अनुबंध निष्पादित करेगा।

17. **निरसन एवं व्यावृत्ति.**— इन नियमों के प्रारंभ होने की तारीख से, इन नियमों के तत्स्थानी वे समस्त नियम तथा उपविधियां, यदि इन नियमों के प्रारंभ होने के तत्काल पूर्व प्रवृत्त हों तथा विशेषतः समय–समय पर यथासंशोधित छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कालोनाइज़र का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन एवं शर्तें) नियम, 1998 निरस्त हो जायेंगे:

परंतु इस प्रकार निरसित किये गये नियमों तथा उपविधियों के अधीन की गई कोई बात या की गई कोई कार्यवाही, जब तक ऐसी बात या कार्यवाही इन नियमों के उपबंधों से असंगत न हो, इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अंतर्गत की गई समझी जायेगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एम. मिंज, उप सचिव.

प्ररूप—एक
[नियम 3(1) देखिये]

रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन पत्र

प्रति,

नगरपालिक आयुक्त / मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिक निगम / नगरपालिका परिषद् / नगर पंचायत

कॉलोनाईज़र के रूप में रजिस्ट्रीकरण हेतु निम्नलिखित विवरण अनुसार आवेदन प्रस्तुत है:—

1. रजिस्ट्रीकरण हेतु निर्धारित शुल्क रू. .... नगर पालिक निगम / नगरपालिका परिषद् / नगर पंचायत के कोषालय में रसीद कमांक .... दिनांक ....(सत्यप्रति संलग्न है) द्वारा जमा कर दिये गये है.
2. बैंक गारंटी रू. .... जो .... (बैंक का नाम) द्वारा आप के पक्ष में जारी की गई है तथा ....वर्ष के लिए वैध है, संलग्न है.
3. अन्य अपेक्षित ब्यौरे निम्नानुसार है :—

(1) आवेदक का नाम सहित पूर्ण वर्तमान पता तथा स्थायी पता.

(2) क्या आवेदक एक निजी व्यक्ति / निजी कम्पनी / सार्वजनिक कम्पनी / सोसाइटी या फर्म है ?

(3) यदि आवेदक :—

(क) एक व्यक्ति है, तो उसकी राष्ट्रीयता.

(ख) एक निजी कम्पनी है, तो पंजीयन के स्थान सहित कम्पनी के सभी सदस्यों की राष्ट्रीयता.

(ग) एक सार्वजनिक कम्पनी है तो संचालकों की राष्ट्रीयता, भारत की राष्ट्रीयता वालों के द्वारा धारित अंशपूंजी का प्रतिशत.

(घ) एक फर्म या संघ है तो सभी भागीदारों की राष्ट्रीयता.

(ङ.) एक संस्था (सोसाइटी) है तो उसके पंजीयन तथा प्रबंध सदस्यों के ब्यौरे.

4. आवेदक का व्यवसाय या कारोबार का स्वरूप.
5. आवेदक के स्वामित्व की अचल और चल संपत्ति के ब्यौरे.
6. क्या आवेदक ने इस आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख के पूर्व में कोई भूमि विकसित की है? यदि हां, तो उसके ब्यौरे दीजिए.
7. क्या आवेदक के पास कॉलोनी स्थापित करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन है ? (शुद्ध मालियत (नेट वर्थ) के ब्यौरे दीजिए).
8. क्या आवेदक को किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है? यदि हां, तो उसके ब्यौरे दीजिए.
9. आयकर स्थायी लेखा क्रमांक (पिछले वर्ष प्रस्तुत किये गये लेखे (आईटी रिटर्न) के विवरण की प्रति संलग्न करें).
10. संयुक्त हित, यदि कोई हो, का स्वरूप.
11. यदि आवेदक कार्यों का पर्यवेक्षण करना चाहता है तो उसके पिछले अनुभव का उल्लेख किया जाए। यदि वह प्रबंधक नियुक्त करना चाहता है तो प्रबंधक का नाम, उसकी अर्हताएं, उसके पिछले अनुभव का स्वरूप या सीमा, यदि उपलब्ध हो तो, का उल्लेख किया जाए और उसका सहमति पत्र संलग्न किया जाए।

मैं/हम एतद्द्वारा यह घोषणा करता हूँ/करते हैं कि ऊपर दिये गये ब्यौरे सही हैं और मैं/हम आपके द्वारा अपेक्षित अन्य ब्यौरे प्रस्तुत करने के लिये तैयार हूँ/हैं।

मैं/हम घोषित करते हैं कि मैं/हम ने अधिनियम, नियम तथा छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम में अंतर्विष्ट कॉलोनी निर्माण को शासित करने वाले प्रावधानों को पढ़ा है और समझ लिया है, तथा मैं/हम वचन देते हैं कि मैं/हम इनका पालन करेंगे, पालन करने में विफल रहने की स्थिति में, मेरा/हमारा कॉलोनाईज़र संबंधी प्रमाण पत्र निरस्त किये जाने हेतु दायी होंगे।

स्थान .... भवदीय

तारीख ....

(आवेदक के हस्ताक्षर तथा पदनाम)

प्ररूप—दो

[नियम 3 (4) देखिये]

रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र

दिनांक .... रजिस्ट्रीकरण कमांक ....

छत्तीसगढ़ नगरपलिक निगम अधिनियम, 1956 / छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 और उसके अंतर्गत निर्मित छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईज़र का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्ते) नियम, 2013 के अधीन तथा नीचे विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन

(व्यक्ति का नाम / फर्म / कम्पनी / सोसाइटी) जिसे रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है)

(पंजीकृत / स्थायी पता)

का एतद्द्वारा कॉलोनाईज़र के रूप में रजिस्ट्रीकरण किया जाता है।

(1) यह पंजीयन .... नगरपालिक क्षेत्र तक के लिये है।

(2) प्रत्येक अतिरिक्त कॉलोनी की स्थापना की सूचना कॉलोनाईज़र को इसके (कॉलोनी के) स्थापना के पूर्व देना होगा।

(3) प्रत्येक कॉलोनी के लिये विकास की अनुमति / विकास कार्यो को प्रारंभ करने की अनुमति अलग से प्राप्त करना होगा।

(4) कॉलोनी की स्थापना, विकास कार्य, कॉलोनी में भूखंडों / भवनों के आबंटन करने या आबंटन के लिए करार करने की पात्रता तब ही होगी जब विकास की अनुमति नियमानुसार प्राप्त कर ली जाती है।

(5) यह पंजीयन कॉलोनी निर्माण से संबंधित नियम में कोई परिवर्तन / संशोधन तथा इस प्रमाण पत्र को जारी करने के बाद शासन द्वारा नीतिगत बदलावों के अध्यधीन होगा।

स्थान ....

दिनांक ....

नगरपालिका का सील

सक्षम अधिकारी का नाम एवं पद

प्ररूप—तीन

(नियम 6 देखिये)

कॉलोनाईज़र की पंजी

1. पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि और वर्ष
2. पंजीयन प्रमाण पत्र क्रमांक
3. पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किये जाने वाले व्यक्ति का नाम
4. पिता का नाम (यदि एकल हो)
5. यदि फर्म, कम्पनी या संघ या सोसाइटी हो, तो सभी निदेशक/पार्टनर/कार्यवाहक सदस्यों का नाम
6. विशेष शर्तें, निबंधन और निर्बन्धन जिसके अधीन पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किया गया हो
7. पंजीयन प्रमाण पत्र निरस्तीकरण की तिथि तथा निरस्तीकरण के कारण संक्षेप में
8. नियम 8 के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने की तिथि
9. नियम 12 के अंतर्गत अनुज्ञा प्रदान करने की तिथि
10. बैंक गारंटी की जानकारी:

    (एक) बैंक का नाम

    (दो) बैंक गारंटी की राशि

    (तीन)वैधता की अवधि

    (चार) प्रवर्तन की अवधि
11. बैंक गारंटी की नवीनीकरण की तिथि

प्ररूप–चार

(नियम 8 देखिये)

कॉलोनी के विकास के लिये आवेदन पत्र

प्रति,

(1) नगरपालिक आयुक्त
नगरपालिक निगम,

(2) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
नगरपालिक क्षेत्र........................
जिला...

कॉलोनी के विकास की अनुमति हेतु निम्नलिखित विवरण अनुसार आवेदन प्रस्तुत है :–

1. आवेदक का पूरा नाम (क्या व्यक्ति, फर्म, सहकारी सोसाइटी, सोसाइटी, कम्पनी, या कोई अन्य वर्ग की है इसका उल्लेख करें).
2. कॉलोनाईज़र रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र (जारी करने वाला स्थानीय नगरीय निकाय का नाम, कमांक एवं दिनांक, छायाप्रति संलग्न करें).
3. वर्तमान पता.
4. सर्वे कमांक सहित उस भूमि के ब्यौरे जिसका विकास करना अपेक्षित है.
5. अधिकार जिसके अधीन आवेदक ने भूमि धारण की है.
6. आवेदक के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति के ब्यौरे.
7. क्या आवेदक ने यह आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पूर्व कोई भूमि विकसित की है, यदि हां तो उसके ब्यौरे दीजिए.
8. कॉलोनी की स्थापना हेतु वित्तीय संसाधनों के ब्यौरे (शुद्ध मालीयत (नेट वर्थ) का उल्लेख करें.
9. क्या आवेदक को कभी किसी अपराध के लिये सिद्धदोष ठहराया गया है ? यदि हां तो ब्यौरे दीजिये.
10. आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न है:–

(1) कॉलोनी विकास की अनुमति के लिये निर्धारित शुल्क रू. .... (रूपये ....) नगरपालिका ....के कोषालय में रसीद कमांक ....दिनांक................... (सत्यप्रति संलग्न है) द्वारा जमा कर दिये गये हैं.

(2) उस भूमि के संबंध में जिस पर कॉलोनी स्थापित करने हेतु अनुमति मांगी गई है, अधिकार, स्वामित्व या हित संबंधी प्रमाण देने के प्रयोजन से उप–पंजीयक, पंजीयन के प्रमाण पत्र एवं दस्तावेज की सत्यप्रति.

(3) विकसित की जाने वाली भूमि के भू–व्यपवर्तन प्रमाण पत्र की सत्यप्रति.

(4) प्रस्तावित विकास मानचित्र (प्लान).

(5) आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए नगरपालिका को हस्तांतरण हेतु रेखांकित 15 प्रतिशत भूमि का ब्यौरा.

(6) निम्न आय वर्ग (एलआईजी) हेतु आरक्षित 10 प्रतिशत प्रस्तावित भू-खण्डों का ब्यौरा.

(7) नियम 12(1) के अनुसार बंधक किये जाने वाले प्रस्तावित भू-खंडों का ब्यौरा.

(8) कॉलोनी के विकास कार्य पर अनुमानित व्यय का पत्रक जो किसी अर्हता प्राप्त इंजीनियर से प्रमाणित किया जायेगा तथा यथास्थिति नगरपालिका के कोषालय में इस अनुमानित व्यय पत्रक में अंकित राशि के 2% के बराबर राशि जमा करने के प्रमाण में रसीद कमांक व दिनांक अंकित करते हुए रसीद की सत्यप्रति.

मैं/हम एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ/करते हैं कि ऊपर दिये गये ब्यौरे सही हैं और मैं/हम आपके द्वारा अपेक्षित कोई अन्य ब्यौरे प्रस्तुत करने के लिये तैयार हूँ/हैं। कृपया मुझे/हमें कॉलोनी निर्माण का कार्य प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान करें।

भवदीय

आवेदक के हस्ताक्षर

प्ररूप–पाँच

[नियम 10(1) देखिये]

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए भूमि का अग्रिम आधिपत्य प्रदान करने हेतु प्रस्ताव पत्र

प्रेषक स्थानः दिनांकः

प्रति,

सक्षम प्राधिकारी
नगर निगम

माननीय,

.... स्थान पर कॉलोनी के विकास हेतु नियम 8 के अंतर्गत मेरे आवेदन के समर्थन में, मैं निम्नानुसार यह आशय पत्र प्रस्तुत करता हूंः–

(1) मेरा/हमारा प्रस्तावित कॉलोनी .... एकड़ की भूमि पर स्थित है। इसमें से मैं/हम ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 15 प्रतिशत भूमि अर्थात .... एकड़ आपको हस्तांतरित करने हेतु रेखांकित किया है। यह भूमि प्रस्तावित कॉलोनी के मानचित्र पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित है.

(2) मैं/हम पुष्टि करते है कि उपरोक्त भूमि पर मेरा/हमारा स्पष्ट स्वामित्व है तथा मैं/हम एतद्द्वारा उपरोक्त भूमि का अग्रिम अधिपत्य आपको प्रदान करते है.

या

मैं/हम पुष्टि करते है कि श्री/श्रीमति .... का उपरोक्त भूमि पर स्पष्ट स्वामित्व है और उपरोक्त भूमि का अग्रिम अधिपत्य आपको सौपने उनका अप्रतिसंहरणीय सहमति सम्यक् रुप से प्राप्त कर ली गई है.

(3) यदि खण्ड (1) के अंतर्गत रेखांकित भूमि आपकी मत में आवासीय प्रयोजन हेतु उपयुक्त नहीं हो, तो मैं/हम प्रस्तावित कॉलोनी के क्षेत्र में वैकल्पिक भूमि उपलब्ध करायेंगे, या अपने खर्चे पर भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु आपके मतानुसार (संतुष्टि अनुसार) उपयुक्त बनाने विकास कार्य करेंगे, परंतु आप 15 दिवस के भीतर इस संबंध में हमें सूचित करने का कष्ट.करेंगे.

(4) किसी भी दशा में आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के लिए रेखांकित की गई भूमि का हम अन्य संकमण नहीं करेंगे या इसका हम अन्य प्रयोजन के लिये उपयोग नहीं करेंगे.

भवदीय

आवेदक का हस्ताक्षर एवं सील

प्ररूप—छः

[नियम 10(1)(ख) देखिये]

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये भूमि का अग्रिम आधिपत्य सौपने संबंधी विलेख

समस्त जनों को प्रकट हो कि मैं/हम श्री/श्रीमती/मे. .... निवासी .... एतद्द्वारा निम्नानुसार घोषित करता हूँ/करती हूँ कि—

1. यह कि, मैं/हम एक भू—खण्ड समूह के स्वामी हैं जिसका रकबा .... है तथा जो .... स्थान पर जैसा कि इसमें संलग्न नक्शे में है और इस विलेख का अंग है.

2. यह कि, मैं/हम .... में कॉलोनी विकसित करना चाहते हैं और इस संबंध में छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईज़र का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम, 2013 के अंतर्गत अनुमति के लिये सक्षम प्राधिकारी अर्थात् .... को आवेदन प्रस्तुत कर दिये हैं.

3. यह कि, सक्षम प्राधिकारी ने अपना पत्र कमांक .... दिनांक .... द्वारा अनंतिम रुप से अनुज्ञा प्रदान की है कि हम आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये आवासीय इकाइयों के निर्माण हेतु भूमि का अग्रिम आधिपत्य सक्षम प्राधिकारी को प्रदान करें.

4. यह कि, मैं/हम स्वेच्छा और संतोष से एतद्द्वारा निम्नानुसार वर्णित भूमि का अग्रिम आधिपत्य उपरोक्त प्रयोजन के लिये सक्षम प्राधिकारी को सौंपते है.

5. यह कि, उपरोक्त भूमि नक्शे पर अंकित है तथा इसमें नक्शा संलग्न है और इस विलेख का अंग है.

6. यह कि, सक्षम प्राधिकारी उपरोक्त भूमि का आधिपत्य प्राप्त कर सकेगा तथा इस पर उपरोक्त प्रयोजन के अनुसार इस संबंध में हमें कोई और सूचना दिये बिना, कार्य प्रारंभ कर सकेगा.

7. यह कि, छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईज़र का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम, 2013 के अंतर्गत उपरोक्त भूमि के संबंध में हस्तांतरण विलेख सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियमानुसार भुगतान करने के पश्चात् निष्पादित किया जाएगा.

उपरोक्त की पुष्टि में मैं/हम स्वयं के हस्त से इसमें.......... दिन ......माह.........वर्ष को नीचे नामित साक्षियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये है.

हस्ताक्षर, नाम व पता

साक्षी :

1.

2.

प्ररुप–सात

[नियम 10(1)(ग) देखिये]

कॉलोनी के विकास की अनंतिम अनुमति प्रदान करने हेतु पत्र

प्रेषकः

सक्षम प्राधिकारी

नगरपालिक निगम............................

प्रति,

मेसर्स ....

विषयः कॉलोनी के विकास हेतु अनंतिम अनुमति प्रदान करने बाबत् ।

संदर्भः .... में कॉलोनी के विकास की अनुमति हेतु छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईज़र का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम, 2013 के नियम 8 के अंतर्गत आपके आवेदन दिनांक ....

उपरोक्त संदर्भ के साथ, उपरोक्त कॉलोनी के विकास की अनुमति, छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईज़र का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम, 2013 के नियम 10 के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस कॉलोनी के लिये भूमि के अग्रिम आधिपत्य प्रदान करने वाले विलेख आपके द्वारा प्रस्तुत किये जाने के अध्यधीन रहते हुये अनंतिम स्वीकृति प्रदान करते है ।

कृपया ध्यान रखें कि आप 15 दिवस की विहित समय–सीमा के भीतर उपरोक्त नियम के पालन करने में किसी भी दशा में विफल रहते है तो यह अनंतिम अनुमति स्वमेव निरस्त हो जायेगा तथा निरंक हो जायेगा तथा आपको कोई अन्य सूचना दिये बिना शून्य हो जायेगा ।

.......दिन..........माह 20.........वर्ष को मेरे सील मुहर सहित हस्ताक्षर से जारी.

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर एवं सील

प्ररूप—आठ

[नियम 10(3) देखिए]

आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए भूमि के बदले भुगतान करने की पुष्टि संबंधी पत्र

प्रेषक

स्थानः
दिनांकः

प्रति,

सक्षम प्राधिकारी
नगर निगम

महोदय,

.... स्थान पर कॉलोनी के विकास हेतु नियम 8 के अंतर्गत मेरे आवेदन के समर्थन में, मैं निम्नानुसार यह आशय पत्र प्रस्तुत करता हूं:—

(1) मेरा/हमारा प्रस्तावित कॉलोनी ऐसे छोटे भू—भाग पर है जिसका क्षेत्रफल एक एकड़ से कम है, तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292—ख या छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 339—ख की उप—धारा (1) के खण्ड (ग) यथास्थिति, के अंतर्गत मैं/हम आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के लिए भूमि हस्तांतरित करने के बजाय शुल्क का भुगतान करना चाहता हूं/चाहते हैं।

(2) तद्नुसार, मैंने/हमने नियम—10 (2) के अनुसार गणना की गई राशि रू. .... नगरपालिका के अभिहित बैंक खाता "गरीबों की सेवा निधि" में जमा कर दिया है और रसीद क्रमांक ....दिनांक .... की प्रति नियम 8 के अंतर्गत प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया है।

भवदीय

आवेदक का हस्ताक्षर एवं सील

प्ररूप—नौ

(नियम 11 देखिए)

कॉलोनी के विकास की अनुमति

दिनांक .... अनुमति कमांक ....

छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम,1956 / छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईज़र का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम, 2013 के अधीन निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन रहते हुए श्री / श्रीमती / मेसर्स ....आत्मज..............निवासी.................मोहल्ला..................... ग्राम / वार्ड.......................नगर....................तहसील .... जिला .... का ख.क. ....कुल रकबा ....ग्राम .... में स्थित आवासीय कॉलोनी............में विकास कार्य प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

1. शहरी भूमि सीमा अधिनियम, 1976 के प्रावधानों के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र में उल्लेखित शर्तों का पालन करना होगा।
2. छत्तीसगढ़ भू—राजस्व संहिता, 1959 के अंतर्गत भू—व्यपवर्तन की शर्तों का पालन करना होगा।
3. छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 के अंतर्गत प्राप्त विकास अनुज्ञा की शर्तों का पालन करना होगा।
4. आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के लिये भूखंडों / भवनों का विकास / निर्माण, प्रथमतः करना होगा।

नगरपालिक आयुक्त /
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)

प्ररूप—दस
(नियम 16 देखिए)

केता के साथ अनुबंध

यह अनुबंध :
प्रथम पक्षकार मेसर्स ....(कॉलोनाईज़र का नाम) जो अपने पंजीकृत कार्यालय ....में तथा स्थानीय कार्यालय ....में है, जो इसमें इसके पश्चात् कॉलोनाईज़र कहा जायेगा (इस अभिव्यक्ति में उसके हित उत्तराधिकारी तथा समनुदेशिति सम्मिलित हैं; तथा

द्वितीय पक्षकार श्री /श्रीमती .... (केता का नाम), आत्मज/पति............... जो ....के निवासी हैं, जो इसमें इसके पश्चात् केता कहा जायेगा ;

यतः भू–खण्ड/भवन/फ्लैट के विक्रय के लिये कॉलोनाईज़र, ... नाम की कॉलोनी, ... (कॉलोनी का स्थान) में विकास कर रहा है ;

और यतः क्रेता, उपरोक्त कॉलोनी में भू–खण्ड/भवन/फ्लैट खरीदने का इच्छुक हैं

और यतः केता के भुगतान करने के पूर्व दोनों पक्षकार अनुबंध के बिन्दुओं को लिखित में निष्पादित करने के इच्छुक हैं, के बीच;

अतएव यह अनुबंध निम्नलिखित के समर्थन में निष्पादित किया जा रहा है:

भाग–कः कॉलोनाईज़र/कॉलोनी का विवरण

(1) कॉलोनाईज़र के पंजीकरण का कमांक और दिनांक

(2) उस नगरपालिका का नाम जिसने पंजीकरण किया है

(3) पंजीयन कब तक वैध

(4) कॉलोनी हेतु प्रस्तावित भूमि का स्थान है तथा सर्वे कमांक

(5) भूमि का क्षेत्रफल

(6) प्रस्तावित कॉलोनी की भूमि पर कॉलोनाईज़र का अधिकार

(7) क्या प्रस्तावित कॉलोनी की भूमि के स्वामित्व से संबंधित कोई विवाद है?

(8) क्या कॉलोनी की भूमि पर कोई विल्लंग्न हैं?

(9) क्या प्रस्तावित कॉलोनी की भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु सम्यक् व्यपवर्तन हुआ है? यदि हां तो व्यपवर्तन आदेश का विवरण दीजिए

(10) क्या छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 के अंतर्गत योजना समुचित प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया है? यदि हां तो अनुमोदन आदेश का विवरण दें।

(11) क्या छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईज़र का रजिस्ट्रीकरण, निर्बंधन तथा शर्तें) नियम, 2013 के अंतर्गत विकास अनुज्ञा प्रदान की गई है? यदि हां तो अनुज्ञा का विवरण दें।

(12) क्या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल की स्वीकृति, यदि आवश्यक हो, प्राप्त की गई है?

भाग–ख भू–खण्ड/भवन/फ्लैट का विवरण

(1) भू–खण्ड/भवन/फ्लैट की पहचान क्रमांक

(2) कुल क्षेत्रफल (भू–खण्ड/बिल्ट–अप/प्लिंथ/कार्पेट) जो क्रेता को प्राप्त होगा

(3) वास–सुविधा का विवरण

(4) निर्माण का प्रकार

(5) सेनेटरी फिटिंग का प्रकार/ब्रांड

(6) प्रयोग होने वाली प्रस्तावित लकड़ी की प्रजाति

(7) दरवाजा का प्रकार

(8) प्रयोग होने वाली पेंट का ब्रांड

(9) विद्युत सामग्री का ब्रांड

(10) कमरों में फर्श का प्रकार

(11) शौचालय में फर्श का प्रकार

(12) क्या एकल ओव्हर हेड टंकी का प्रावधान है?
ओव्हर हेड टंकी का प्रकार — सी.सी/सिंटेक्स का

(13) सामान्य सुविधाएं जिनमें क्रेता का अंश होगा

(14) क्या क्रेता कालोनाइज़र के माध्यम से विशेष कार्य, साज सज्जा लगवा सकेगा? ऐसे कार्य के लिए निर्बन्धन एवं शर्ते क्या होगी?

(15) क्या पावर बैक–अप की व्यवस्था है? — हां/नहीं

भाग–ग आंतरिक विकास का विवरण

(1) समतलीकरण। — हां/नहीं

(2) मार्गो एवं भू–खंडों का सीमांकन । — हां/नहीं

(3) आंतरिक मार्ग
(क) आंतरिक मार्ग का प्रकार — सी.सी/टरमेक
(ख) आंतरिक मार्ग की चौड़ाई

(4) पुलियों का निर्माण — हां/नहीं

(5)	जल निकासी निर्माण	हां / नहीं
(6)	आंतरिक जलप्रदाय प्रणाली	नगरपालिक से प्रदाय / स्वयं का
(7)	क्या कॉलोनी में ओव्हर हेड टैंक का निर्माण प्रस्तावित है, ओव्हर हेड टैंक की क्षमता।	हां / नहीं
(8)	आंतरिक सीवरेज लाइन	हां / नहीं
(9)	सेप्टिक टैंक	सामान्य / पृथक
(10)	विद्युत व्यवस्था	भूमिगत केबल / बिजली के खम्बे
(11)	पावर बैक-अप व्यवस्था	हां / नहीं
(12)	बाल उद्यान	हां / नहीं
(13)	बाल उद्यान का आकार	
(14)	बाल उद्यान में खेल सामग्री	
(15)	टहलने का मार्ग	हां / नहीं
(16)	सुरक्षा व्यवस्था	हां / नहीं
(17)	वृक्षारोपण	हां / नहीं
(18)	वृक्षारोपण का क्षेत्र	
(19)	वर्षा जल संग्रहण व्यवस्था।	हां / नहीं
(20)	पार्किंग की सुविधा।	नाम निर्धारित / सामान्य
(21)	निर्धारित पार्किंग सुविधा का क्षेत्रफल	
	सामान्य पार्किंग सुविधा का क्षेत्रफल	
	अतिथियों के लिए पार्किंग सुविधा	हां / नहीं
(22)	अशुद्ध जल का संग्रहण, उपचार और पुनर्चक्रण प्रणाली।	हां / नहीं
(23)	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन	हां / नहीं
(24)	अग्नि शामक व्यवस्था	हां / नहीं
	अग्नि सूचक यंत्र	हां / नहीं
(25)	क्या लिफ्ट प्रतिष्ठापित की जायेगी?	हां / नहीं
	प्रतिष्ठापित लिफ्ट की संख्या	
(26)	चाहार दीवारी	
(27)	कॉलोनी का मुख्य द्वार	

भाग–घ बाह्य विकास का विवरण

(1) पहुंच मार्ग हां / नहीं

(2) पहुंच मार्ग की चौड़ाई

(क) वर्तमान

(ख) प्रस्तावित

(3) पहुंच मार्ग का प्रकार टार्मेक / सी.सी

(4) विद्युत लाईन

(5) भूमिगत मलवहन प्रणाली

(6) जल निकासी

(7) पुलियां

(8) मार्गों के निर्माण का प्रकार

भाग–ड. वित्तीय विषय

(1) भू–खण्ड / भवन / फ्लैट का मूल्य (आंतरिक / बाह्य विकास व्यय सहित)

(2) क्या यह मूल्य स्थिर है या परिवर्तित?

(3) कर, यदि कोई हो

(4) क्या कॉलोनाईज़र आवास ऋण की व्यवस्था करेंगे?

(5) क्या कुछ निःशुल्क / वाणिज्यिक प्रोत्साहन शामिल है ? विवरण दें:

(6) भुगतान की शर्तें:–

किश्त	स्तर	भुगतान प्रतिशत में	भुगतान रू. में
पहला	अनुबंध हस्ताक्षर पर		
दूसरा			
तीसरा			
चौथा			
पांचवा			
योग		100 प्रतिशत	

(7) केता द्वारा कालोनाइज़र को भुगतान किस नाम से किया जायेगा?

(8) भुगतान करने हेतु मांग सूचना पत्र प्राप्त होने के बाद कितने दिनों की समय सीमा होगी?

(9) यदि भुगतान में समय–सीमा के बाद विलंब हुआ हो तो ?

(10) बीमा संबंधी प्रावधान

(11) यदि केता अनुबंध निरस्त करना चाहता है तो
उसके द्वारा किये गये भुगतान में से कितनी कटौती होगी?

उपरोक्त निर्बंधन एवं शर्तों की स्वीकृति में, दोनों पक्षकार निम्न नामित साक्षियों की उपस्थिति में ....दिन .... माह .... वर्ष को .... स्थान में अपने सील–मुहर सहित हस्ताक्षर करते हैं।

(केता) **(कॉलोनाईज़र)**
साक्षी 1: साक्षी 2:

रायपुर, दिनांक 12 फरवरी 2013

क्रमांक एफ 7-8/18/2011.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 7-8/18/2011 दिनांक 12-02-2013 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एम. मिंज, उप-सचिव.

Raipur, the 12th February 2013

NOTIFICATION

No. F- 7-8/18/2011.— In exercise of the powers conferred by Section 292-A, 292-B, 292-C, 292-F and 292-I read with Section 433 of the Chhattisgarh Municipal Corporation Act, 1956 (No.23 of 1956) and Sections 339-A, 339-B, 339-C, 339-F and 339-I read with Sections 355 and 356 of the Chhattisgarh Municipalities Act, 1961 (No.37 of 1961), the State Government, hereby, makes the following rules, relating to the Registration of Colonizer, Terms and Conditions, namely:-

RULES

1. **Short title, extent and commencement.-** (1) These Rules may be called the Chhattisgarh Municipal Corporation and Municipalities (Registration of Colonizer, Terms and Conditions) Rules, 2013;
(2) These rules shall apply within the limits of all Municipal Corporation, Municipal Council and Nagar Panchayat in the state of Chhattisgarh;
(3) These rules shall come into force from the date of its publication in the Official Gazette.

2. **Definitions.-** (1) In these rules, unless the context otherwise requires,-
   (a) "Act" means in case of Municipal Corporation, Chhattisgarh Municipal Corporation Act, 1956 (No. 23 of 1956) and in case of Municipal Council and Nagar Panchayats, Chhattisgarh Municipalities Act, 1961 (No.37 of 1961);
   (b) "Competent Authority" means in relation to Municipal Corporation, the Municipal Commissioner; and in relation to Municipal Council and Nagar Panchayat, the Chief Municipal Officer;
   (c) "Development Expenses" means expenditure to be incurred as, approved by the Competent Authority for the completion of the internal and external development works;
   (d) "External Development work" means the following development works, as per prescribed criteria:-
      (i) New roads to be constructed in the shape of approach road starting from the limit of the colony to an existing road of the town;

(ii) If the road attached to the colony exists, in that case the expenses to be incurred on the proposed widening of the existing road;

(iii) Laying of electric line from the limits of the colony to the existing electric line for the supply of electricity in the colony;

(iv) The expenditure on connecting the existing system to the underground sewerage from the limits of the colony;

(v) If water supply in the colony is proposed at the level of urban water supply system, then in that case the laying of new pipe line from the limits of the colony up to the existing pipe line;

(vi) In respect of approach road of the colony under sub-clause (i) and widening of the existing road under sub-clause (ii) it shall be necessary for the Competent Authority to clearly determine as to what extent the approach road should be widened and under the widening of the existing road how much width is meant for and what shall be the quality of construction of such road i.e. whether it shall be a road of WBM or asphalt or of cement concrete.

(e) "Form" means the form appended to these rules;

(f) "Internal Development Works" means the following development works to be done within the limits of the colony under the prescribed standards:-

(i) Levelling;

(ii) Demarcation of the proposed roads and plots sanctioned in the layout;

(iii) Construction of the proposed road (as per IRC standards);

(iv) If road exists at present on the land of the colony, in that case construction or widening of the road on the basis of sanctioned layout (as per IRC standard);

